No. of Printed Pages : 7

**ECO-11**

04821

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2012

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-11 : ELEMENTS OF INCOME TAX

*Time : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*

***Note :*** *Question no.* **1** *is compulsory and attempt* ***any three*** *questions from the remaining questions.*

---

**1.** Mr. Anil Kumar is employed in a government college. He receives salary of Rs. 40,000 per month, Dearness Allowance 20% of salary. House Rent Allowance Rs. 8,000 per month. Employer also paid his telephone bill of Rs. 6,000. He paid house rent Rs. 10,000 per month. He was provided a car with an engine capacity of 1600 cc for his office use. He also gets facility of a servant who has been appointed by Anil himself. The servant's salary is Rs. 2,000 per month which is paid by the employer. **14**

Compute his taxable income from salary for the assessment year 2011-12.

2. (a) Explain the term 'capital asset' and specify the assets that are not included in it. **6, 6**

(b) Explain the tax rules for valuation of rent free unfurnished residential house provided by the employer for inclusion in the salary income of the employee concerned.

3. Explain as to how the tax liability of an assessee is determined with reference to his residence. **12**

4. Shri Ram Lal owns a house, half of which is let out for residential purposes on rent of Rs. 16,000 per month. Other particulars of the whole house are as follows :

| | | **Rs.** |
|---|---|---|
| (i) | Municipal valuation | 3,75,000 |
| (ii) | Standard Rent | 4,50,000 |
| (iii) | Municipal Taxes paid | 60,000 |
| (iv) | Repairs | 15,000 |
| (v) | Interest on amount borrowed for repairs | 28,000 |

Compute his taxable income from house property for the assessment year 2011-12 assuming that the remaining half of the house is used for his own residence. **12**

5. State the rules regarding taxation of **6, 6**

(a) Dividends

(b) Tax free commercial securities

6. Write short notes on *any two* of the following : **6, 6**

(a) Set off and carry forward of capital losses.

(b) Deduction in respect of Life Ins. Premium, provident fund, etc. under Sec. 80 C

(c) Best Judgement Assessment under Sec. 144

(d) Tax free perquisites.

7. (a) Define 'agriculture income' and state its kind. **8, 4**

(b) Compute Shri Ramesh Chandra's gross total income, who is a non resident, from the following data :

| | | **Rs.** |
|---|---|---|
| (i) | Income from agriculture in Pakistan | 30,000 |
| (ii) | Salary received in India but services rendered in Iraq | 12,000 |
| (iii) | Income from business carried on in India | 12,000 |
| (iv) | Interest on bank deposits in Sri Lanka credited to his bank a/c there itself | 6,000 |

ई.सी.ओ.-11

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2012

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-11 : आयकर के मूल तत्त्व

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

**नोट :** *प्रश्न संख्या 1* ***अनिवार्य*** *है। शेष प्रश्नों में से* ***किन्हीं तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

1. श्री अनिल कुमार एक सरकारी कॉलेज में कार्यरत है। उसे 40,000 रु. प्रति मास वेतन, 20% महंगाई भत्ता तथा 8,000 रु. प्रति मास गृह किराया भत्ता मिलता हैं। नियोक्ता ने 6,000 रु. उस के टेलीफोन बिल का भी भुगतान किया। उस के मकान का किराया 10,000 रु. प्रति मास है। उसे कार्यालय के उपयोग के लिए 1600 cc की एक कार भी मिली हुई है। उसे एक नौकर की सुविधा भी प्राप्त है जिसे अनिल ने स्वयं नियुक्त किया हुआ है। नौकर का वेतन 2,000 रु. प्रति मास है जिस का भुगतान नियोक्ता द्वारा किया जाता है। 14

   कर-निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए उस के कर योग्य वेतन की आय की गणना कीजिए।

2. (a) 'पूँजीगत संपत्ति' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए तथा उन संपत्तियों का उल्लेख कीजिए जिन्हें इस में शामिल नहीं किया जाता। **6, 6**

(b) किराया मुक्त असुसज्जित निवास स्थान, जो नियोक्ता द्वारा दिया गया है, के वेतन में शामिल करने के लिए मूल्यांकन संबंधी कर नियमों की व्याख्या कीजिए।

3. व्याख्या कीजिए की एक करदाता का कर दायित्व उस के निवास स्थान के आधार पर किस प्रकार निर्धारित किया जाता है। **12**

4. श्री राम लाल एक मकान का मालिक है जिसका आधा हिस्सा उसने 16,000 रु. के मासिक किराए पर दिया हुआ है। उसके पूरे घर से संबंधित अन्य विवरण निम्नलिखित हैं : **12**

| | | रु. |
|---|---|---|
| (i) | नगरपालिका मूल्यांकन | 3,75,000 |
| (ii) | मानक किराया | 4,50,000 |
| (iii) | नगरपालिका कर दिया | 60,000 |
| (iv) | मरम्मत व्यय | 15,000 |
| (v) | मरम्मत के लिए उधार ली गई राशि पर ब्याज | 28,000 |

यह मानते हुए कि मकान का शेष आधा भाग उस ने अपने निवास के लिए उपयोग किया, कर-निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए उसकी मकान संपत्ति से हुई कर-योग्य आय की गणना कीजिए।

5. निम्नलिखित के कराधान संबंधी नियमों का उल्लेख कीजिए : 6, 6

(a) डिविडेंड

(b) करमुक्त व्यापारिक प्रतिभूतियाँ

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 6, 6

(a) पूँजीगत हानियों की पूर्त्ति तथा आगे ले जाना।

(b) जीवन बीमा प्रीमियम, भविष्य निधि, आदि संबंधी धारा 80 C के अंतर्गत कटौती।

(c) सर्वोत्तम निर्णय कर-निर्धारण धारा 144

(d) करमुक्त अनुलाभ (perquisites)

7. (a) कृषि आय की परिभाषा दीजिए तथा इसके पाँच प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 8, 4

(b) श्री रमेश चंद्र, जो कि एक गैर-निवासी है, कि निम्नलिखित विवरण से सकल कुल आय की गणना कीजिए।

| | | रु. |
|---|---|---|
| (i) | पाकिस्तान में अर्जित कृषि आय | 30,000 |
| (ii) | इराक में की गयी सेवाओं के लिए भारत में प्राप्त वेतन | 12,000 |
| (iii) | भारत में किए जाने वाले व्यवसाय से हुई आय | 12,000 |
| (iv) | श्रीलंका के बैंक में जमा राशि पर अर्जित ब्याज जो वहीं पर उस के बैंक खाते को क्रेडिट किया गया | 6,000 |